BULANDSHAHR POLICE

दिनांक 16 जून, 2024 **थाना सिकन्द्राबाद**

राहुल की हत्या में संलिप्त 01 हत्यारोपी आलाकत्ल सहित गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि दिनांक 07.06.2024 को वादी प्रदीप कुमार पुत्र चतर पाल निवासी ग्राम सरायघासी थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर द्वारा थाना सिकन्द्राबाद पर सूचना दी गयी कि दिनांक 06/07.06.2024 की रात्रि में उसके भाई राहुल की घर के पीछे गांव के ही संदीप उर्फ अंकुर ने आपसी कहासुनी/झगड़े के कारण हत्या कर दी है। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं- 408/24 धारा 302 भादवि पंजीकृत किया गया।

उक्त घटना के क्रम में आज दिनांक 16.06.2024 को थाना सिकन्द्राबाद पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर कैंची का पुल सरायघासी रोड़ के पास बम्बा हाईवे से गिरफ्तार किया। अभियुक्त की निशादेही पर आलाकत्ल नल का हत्था ग्राम चन्द्रावली में एक ज्वार के खेत से बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1- संदीप उर्फ अंकुर पुत्र मुनेश निवासी ग्राम सरायघासी थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी-

1- नल का हत्था (आलाकत्ल)

अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया गया कि दिनांक 06/07.06.2024 की रात्रि में अभियुक्त संदीप उर्फ अंकुर व मृतक राहुल व अन्य दोस्त गांव के बाहर बम्बे की पुलिया पर बैठे थे तभी किसी बात को लेकर अभियुक्त संदीप उर्फ अंकुर व मृतक राहुल के मध्य झगड़ा/मारपीट हो गयी। इसके बाद अभियुक्त संदीप उर्फ अंकुर, राहुल के घर के पीछे वाले गेट के पास छिप गया जहां से अक्सर रात्रि में राहुल घर में प्रवेश करता था। अभियुक्त संदीप उर्फ अंकुर ने पास के नल का हत्था भी निकाल लिया तथा रात्रि में जब राहुल अपने घर के पीछे वाले गेट की तरफ आया तभी अभियुक्त संदीप उर्फ अंकुर ने नल के हत्थे से वार कर राहुल की हत्या कर दी और वहां से फरार हो गया।

गिरफ्तार अभियुक्त संदीप उर्फ अंकुर का आपराधिक इतिहास-

1- मुअसं- 514/23 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।

2- मुअसं- 408/24 धारा 302 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. श्री रवि रतन सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना सिकन्द्राबाद
2. श्री सरजेश कुमार निरीक्षक
3. है0का0 विपिन जावला, का0 राहुल कसाना, का0 रजत सिंह

मीडिया सेल बुलंदशहर